तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026



13 शिक्षिका की कार को टक्कर मारी ट्रक चालक...





13 लोनिवि रेस्टहाउस की बाउंड्री नपं की...






## खबर संक्षेप



### भारी बारिश से नदी नाले हैं उफान पर

**पखांजुर।** क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा के कारण पखांजुर एवं आसपास के इलाकों में जनजीवन गंभीर रूप से प्रभावित हो गया है। छोटे-बड़े नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे कई मार्गों पर आवागमन बाधित हो गया है। लगातार हो रही वर्षा के चलते बांदे-इरपनार मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। मार्ग पर स्थित सावेर नाला उफान पर होने से उसके ऊपर तेज बहाव के साथ पानी बह रहा है, जिसके कारण वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभाग की टीम मौके पर तैनात है। पुलिस द्वारा लोगों को उफनते नाले को पार नहीं करने की समझाइश दी जा रही है तथा सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

### आत्मानंद विद्यालय में 14 तक प्रवेश का अवसर

**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कांकेर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएससी बायो एवं बीएससी मैथ्स पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी गई है। 12 वीं बायो या मैथ्स उत्तीर्ण विद्यार्थी 14 अगस्त तक बस्तर विश्वविद्यालय के ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## सड़कों पर कई फीट पानी, राज्य राजमार्ग पर घंटों यातायात बाधित

# घनघोर वर्षा ने बढ़ाई मुश्किलें, सड़कें डूबीं, नहरें टूटीं, पुलिया बनीं जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/पखांजूर

खास खबर

कांकेर जिले में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कांकेर से सरोना मार्ग पर पटौद में बारिश के बाद हालात ऐसे बन गए कि मुख्य सड़क ही तालाब में तब्दील हो गई। सड़क पर कई फीट तक पानी भर जाने से लोगों का आवागमन प्रभावित हुआ, वहीं आसपास के घरों में भी पानी घुसने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे चिंताजनक दृश्य तब सामने आया जब जलभराव के बीच स्कूली छात्राएं उसी पानी में खेलती नजर आईं। यह दृश्य जहां मासूमियत का प्रतीक था, वहीं किसी भी


▶▶| शेष पेज 12 पर


### समय पर सफाई नहीं होने से बढ़ी दिक्कतें



*ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि जल निकासी व्यवस्था का समय-समय पर रखरखाव और सफाई की जाती, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उनका कहना है कि हर वर्ष बरसात में यही समस्या सामने आती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। इससे ग्रामीणों में प्रशासन और संबंधित विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।*

### सड़क पार करना खतरनाक

पुलिया के ऊपर तेज बहाव



लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने कांकेर जिले के पखांजुर तहसील के कापसी क्षेत्र के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पीवी-119 विश्रामपुर पहुंच मार्ग पर स्थित जर्जर पुलिया इन दिनों खतरे का पर्याय बन चुकी है। पुलिया के ऊपर तेज बहाव से पानी गुजरने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं अपनी जान जोखिम में डालकर विद्यालय पहुंचने को मजबूर हैं। हालात ऐसे हैं कि कई अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें स्कूल भेजना ही बंद कर दिया है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग की उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए उच्च स्तरीय पुल निर्माण और पुलिया की मरम्मत में हुई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग की है।



### कुम्हानखार में नहर का पानी गांव तक पहुंचा

*कांकेर जिले में लगातार हो रही तेज बारिश के बीच कुम्हानखार गांव में नहर टूटने से हालात गंभीर हो गए। नहर का पानी तेज बहाव के साथ गांव तक पहुंच गया, जिससे कई गलियों और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। अचानक पानी भरने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने में जुट गई। ग्रामीणों ने नहर की तत्काल मरम्मत और जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की है।*

### वृक्ष धाराशायी होने से घंटों मार्ग बाधित



*बांदे और आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी, तूफान तथा मूसलाधार वर्षा ने ऐसा कहर बरपाया कि बांदे-पखांजूर राज्य राजमार्ग 25 पर दर्जनों विशाल वृक्ष धराशायी हो गए। सड़क पर पेड़ों के गिरने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया और कई घंटों तक यात्री बसों सहित छोटे-बड़े वाहन रास्ते में फंसे रहे। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से क्षेत्र में जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ।*

## तकनीकी दिक्कतों पर नहीं रुकेगा शिक्षकों का वेतन

**शिक्षा सचिव के निर्देश से मिली शिक्षकों को राहत**

*चारामा। प्रदेश के शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त संचालकों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट निर्देश दिए कि जुलाई माह का वेतन केवल विद्या समीक्षा केंद्र वीएसके ऐप की ई-उपस्थिति के आधार पर नहीं रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना वास्तविक कारण जाने किसी भी शिक्षक का वेतन रोकना उचित नहीं है। बैठक में बताया गया कि जुलाई के दौरान विद्या समीक्षा केंद्र ऐप में कई स्थानों पर तकनीकी और नेटवर्क संबंधी समस्याएं आईं, जिससे अनेक शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी। ऐसे मामलों में पहले कारणों की जांच कर, तकनीकी खामी पाए जाने पर आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) से प्रमाणित कर वेतन जारी करने के निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने तकनीकी समस्या के बावजूद वेतन रोकने का विरोध करते हुए 7 अगस्त को जिला कार्यालयों के घेराव की चेतावनी दी थी। शिक्षा सचिव के निर्देश का स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा सहित संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय हजारों शिक्षकों के हित में है और तकनीकी कारणों से किसी कर्मचारी को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।*







## खबर संक्षेप

### 12वीं की छात्रा ने की आत्महत्या, जांच शुरू

**भानुप्रतापपुर।** नगर के बसंत नगर क्षेत्र में 12वीं कक्षा की एक छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका की पहचान निहारिका महिलांगे के रूप में हुई है। वह कक्षा 12वीं की छात्रा थी। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, छात्रा ने बीती रात लगभग 2 बजे अपने घर के बाथरूम में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच के दौरान मृतिका का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के कारणों के संबंध में कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा।

### विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा के लिए शिक्षक नियुक्त करने की मांग



**कोण्डागांव।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया याने सीपीआई जिला परिषद ने जिले के शासकीय विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा के लिए एक–एक शिक्षक की नियुक्ति तथा शिक्षकों से गैर–शैक्षणिक कार्य नहीं कराने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सीपीआई ने ज्ञापन में कहा कि आदिवासी बहुल कोण्डागांव जिले में विद्यालय भवनों के निर्माण और मरम्मत पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। पार्टी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रत्येक कक्षा में एक शिक्षक की व्यवस्था करना आवश्यक है। केवल भवन निर्माण से शिक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं होगी। सीपीआई ने आरोप लगाया कि शिक्षकों से विभिन्न गैर–शैक्षणिक कार्य कराए जाने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्य में लगाया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सके। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षकों की कमी के कारण विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र के कई छात्र–छात्राएं दसवीं और बारहवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पिछड़ रहे हैं।

पेज 11 के शेष...

### घनघोर वर्षा ने ...

समय बड़े हादसे की आशंका को भी उजागर कर रहा था। जिला मुख्यालय से महज आठ किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पटौद में पानी भरने के कारणों के बारे में ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में बनाई गई नाली और पुलिया की समय पर सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी निकासी का रास्ता नहीं पा सका। नाली और पुलिया पूरी तरह जाम होने से पानी सड़क पर जमा हो गया और धीरे-धीरे आसपास के मकानों में भी प्रवेश करने लगा। इससे कई परिवारों के दैनिक जीवन पर असर पड़ा और लोगों को घरों से निकलने तक में कठिनाई का सामना करना पड़ा। सड़क पर हुए जलभराव के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित रही। कई वाहन चालक पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाने के कारण जोखिम उठाकर सड़क पार करने को मजबूर हुए, वहीं पैदल चलने वाले लोगों को भी पानी से होकर गुजरना पड़ा, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर जमा पानी के नीचे गड्ढे, खुले नाले या अन्य खतरे छिपे हो सकते हैं, जिससे बच्चों के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने अभिभावकों से भी बच्चों को ऐसे स्थानों पर जाने से रोकने की अपील की है।

### कार्यक्रम : कानूनी अधिकार, आत्मरक्षा की विधिक जानकारी दी

# तालाकुर्रा स्कूल में साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालाकुर्रा में पुलिस थाना कोरर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में छात्र-छात्राओं के लिए साइबर अपराध एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, कानूनी अधिकार, आत्मरक्षा तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना था।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण नामदेव ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। विधिक सलाहकार सोहद्रा जैन ने महिला एवं बाल सुरक्षा कानूनों, कानूनी अधिकारों तथा सुरक्षा संबंधी प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अनुचित व्यवहार की जानकारी अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस को तुरंत देने का आग्रह किया। वहीं आरक्षक चंद्रिका मण्डावी ने गुड टच-बैड टच, व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्मविश्वास एवं सजगता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। ग्राम पंचायत तालाकुर्रा के सरपंच विनोद रावटे ने कानून का पालन करते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने विद्यार्थियों को नशे एवं मोबाइल की लत से दूर रहकर शिक्षा, खेल और अच्छे संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी। सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह जैन ने विद्यालय स्तर पर साइबर सुरक्षा एवं कानूनी जागरूकता को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष अश्विनी सोनी, विद्यालय के शिक्षकगण, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## 1024 दिनों से गैरहाजिर लापरवाह सहायक आरक्षक सेवा से बर्खास्त

### एसपी निखिल राखेचा बोले अनुशासन से समझौता नहीं, कार्रवाई रहेगी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित, 28 जुलाई को सेवा से किया गया पृथक

कांकेर पुलिस ने अनुशासनहीनता पर बड़ा संदेश देते हुए 1024 दिनों की अनाधिकृत गैरहाजिरी और बार-बार चेतावनी के बावजूद सुधार नहीं करने वाले सहायक आरक्षक झिरटीराम दुग्गा को सेवा से पृथक कर दिया है। विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित होने के बाद यह सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में पुलिस विभाग में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना कोयलीबेड़ा में पदस्थ सहायक आरक्षक क्रमांक 136 झिरटी राम दुग्गा को सेवा से पृथक कर दिया गया। वह 5 जुलाई 2024 से बिना किसी सूचना अथवा स्वीकृति के लगातार अनाधिकृत रूप से ड्यूटी से अनुपस्थित था। मामले की प्रारंभिक जांच थाना स्तर पर कराई गई, जिसमें आरोप सही पाए जाने पर विभागीय जांच के आदेश दिए गए। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, अंतागढ़ द्वारा की गई जांच में कर्मचारी के लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने की पुष्टि हुई। जांच में यह भी सामने आया कि झिरटी राम दुग्गा के सेवा काल में पहले भी शासकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता के कारण आठ बार विभागीय दंड दिया जा चुका था। इसके अलावा 16 अवसरों पर कुल 1024 दिनों की अनाधिकृत अनुपस्थिति का निराकरण काम नहीं, वेतन नहीं के सिद्धांत के तहत किया गया था। बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद उसके व्यवहार में सुधार नहीं आया। गंभीर कदाचार और विभागीय नियमों के उल्लंघन को देखते हुए 28 जुलाई को विभागीय नियमों के तहत उसे सेवा से पृथक कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कहा कि कांकेर पुलिस में अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभागीय नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध आगे भी निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई जारी रहेगी, जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाएगा।

## रामपुर जुनवानी भर्रीपारा में पांच दिनी हनुमंत यज्ञ एवं कथा 3 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनसागर

श्रावण मास के पावन अवसर पर ग्राम रामपुर जुनवानी भर्रीपारा स्थित श्री हरि विष्णु मंदिर परिसर में 3 से 7 अगस्त तक पंच दिवसीय हनुमंत यज्ञ एवं हनुमंत कथा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। समस्त ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से आयोजित इस महोत्सव में प्रतिदिन यज्ञ, कथा और वैदिक अनुष्ठानों के माध्यम से भक्ति और आध्यात्मिकता का संदेश दिया जाएगा। आयोजन की शुरुआत 3 अगस्त सोमवार को सुबह 9 बजे भव्य कलश शोभायात्रा के साथ होगी। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमंत यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से संध्या आरती तक हनुमंत कथा का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु श्रीराम एवं हनुमानजी के जीवन चरित्र और आदर्शों का श्रवण करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार 4 अगस्त को श्रीराम जन्म एवं हनुमान जन्म प्रसंग, 5 अगस्त को हनुमंत बाल लीला तथा सुंदरकांड का शुभारंभ, 6 अगस्त को सुंदरकांड कथा एवं भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया जाएगा। वहीं 7 अगस्त को सुंदरकांड कथा, चढ़ौत्री एवं पूर्णाहुति के साथ महोत्सव का समापन होगा। धार्मिक आयोजन में बागेश्वर धाम सरकार से जुड़े कथा व्यास नीतराज महाराज श्रद्धालुओं को श्रीरामचरित एवं हनुमानजी के जीवन चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करेंगे। वहीं बलराम प्रसाद शर्मा परायणकर्ता के रूप में वैदिक अनुष्ठानों का संचालन करेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने एवं आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## कोदागांव के दो छात्रों का प्रयास विद्यालय में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, कोदागांव के दो मेधावी विद्यार्थियों सुमित नरेटी एवं क्षितिज भास्कर का कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्रतिष्ठित प्रयास विद्यालय में चयन हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

दोनों विद्यार्थियों ने इससे पहले राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति एनएमएमएस परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया था। लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन से उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। विद्यालय के प्रधान अध्यापक दिनेश सेवता के मार्गदर्शन में शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं, विशेष कोचिंग, ऑनलाइन अध्ययन, मॉडल प्रश्नपत्रों का अभ्यास तथा नियमित टेस्ट आयोजित किए जाते हैं।

इसी सुनियोजित तैयारी का परिणाम है कि विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सफलता अर्जित कर रहे हैं। इस सफलता पर संकुल प्राचार्या रिजवाना कुरैशी, संकुल समन्वयक कनस नेताम, लोमश ध्रुव, संतोषी प्रयाग, अनिल सिन्हा, टेश्वर लाल भुआर्य, आकाश शर्मा, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रेशमा केसरी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कमेला की 17 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- विधायक उसेंडी ने छात्राओं को पढ़ाई के लिए किया प्रेरित

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरस्वती सायकिल योजना के तहत ग्राम कमेला के शासकीय हाई स्कूल में 17 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि सरस्वती सायकिल योजना से छात्राओं की नियमित विद्यालयीन उपस्थिति बढ़ेगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने का आह्वान किया।

### 10.20 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन –

कार्यक्रम के दौरान ग्राम कमेला में 5.20 लाख की लागत से सीसी सड़क एवं शेड निर्माण तथा 5 लाख की लागत से शासकीय हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों पर कुल 10.20 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

### जनप्रतिनिधि और ग्रामीण रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, विद्यालय परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## संत रविदास जयंती पर भाजपा ने दिया समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा स्थानीय राम-जानकी हनुमान मंदिर में दीप प्रज्वलित कर सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम, माता जानकी और हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं को संत रविदास के जीवन, उनके आदर्शों तथा समाज में समानता, सद्भाव और सामाजिक एकता के संदेश से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि संत रविदास के 650वें प्राकट्य वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में समरसता संकल्प अभियान के माध्यम से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान चला रही है। इस दौरान छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिलने पर सभी उपस्थित लोगों ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी से प्रार्थना की।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, महामंत्री राजीव श्रीवास, कार्यक्रम संयोजक कौशल रामटेक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जुगल किशोर शर्मा, हम प्रकाश शिवहरे, कनक राजपूत सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## रविदास जयंती पर भाजपा चारामा ने जलाए 650 दीप



हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती एवं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा मंडल चारामा द्वारा स्थानीय हनुमान मंदिर बांग्लापारा में श्रद्धा और भक्ति के साथ 650 दीप प्रज्वलित कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में गुरु रविदास महाराज के जीवन, उनके समतामूलक समाज के विचारों तथा मानवता, समानता और भाईचारे के संदेश को स्मरण करते हुए उपस्थित लोगों ने सामाजिक एकता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास महाराज का जीवन समाज में समानता, सद्भाव और मानवता की मिसाल है। उनके विचार आज भी जाति-भेद से ऊपर उठकर कर्म, आचरण और सेवा को सर्वोच्च मानने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में श्रद्धालु, भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री संतोष नाहर, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उमा देवी शर्मा, शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक भागीराम साहू, मंडल मंत्री परमेश्वर यादव, सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक मुरली सिन्हा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद रजनी यादव सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जनगणना प्रशिक्षण आज से 10 तक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ जनगणना निदेशालय द्वारा जारी समय सारिणी अनुसार जनगणना 2027 अन्तर्गत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के लिए ग्राम एवं नगर निर्देशिका आंकड़ों के संकलन तथा संचयन किए जाने सभी 17 चार्जों के क्षेत्र पदाधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण 31 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। जिला मुख्यालय कांकेर में 31 जुलाई को जिले के सभी नगरीय निकायों-नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके बाद सभी 17 चार्जों में अगल अगत तिथियो में 10 अगस्त तक प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

## कारगिल विजय दिवस पर चिपावंड स्कूल में दिखा देशभक्ति का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल चिपावंड की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा रविवार को विद्यालय परिसर में श्रद्धा और देशभक्ति के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्राचार्य श्रीमती एस. सोनपिपरे के मार्गदर्शन में मां भारती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने दो मिनट का मौन रखकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मोहन लाल बोगा ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए ऑपरेशन विजय, भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, बलिदान तथा युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। युवाओं को वीर सैनिकों के त्याग और समर्पण से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कुमारी सालिका ने अपने भाषण में ऑपरेशन विजय की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य का उल्लेख किया। वहीं भविष्य देवांगन ने कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडे, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव और मेजर संजय कुमार जैसे वीर सैनिकों के अदम्य साहस और योगदान पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में मनबती ने अपनी भावपूर्ण कविता, वीरों ने कारगिल जीत लिया, दुश्मन को पीछे खींच लिया प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों में देशभक्ति का उत्साह भर दिया। सुहानी देवांगन ने पोस्टर के माध्यम से अपने देशप्रेम की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया।

समापन पर सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से हम होंगे कामयाब तथा उठे समाज के लिए उठे जैसे प्रेरणादायी गीतों का गायन किया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और गीतों से गूंज उठा।

### राष्ट्रसेवा के प्रति सदैव समर्पित रहने का लिया संकल्प

स्वयंसेवकों ने राष्ट्र रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रसेवा के प्रति सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आशीष सोरी, सीपा कोराम, कुसुमलता नुरेन्द्र, लोकेश, रिंकू, सुदेश, रामप्रसाद, पिंटू, लखेश्वर, हेमंत, हंसली, रोशनी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को कानून, साइबर सुरक्षा और बाल संरक्षण की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों, कर्तव्यों और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक बनाकर जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। शिविर में प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट एवं अधिकार मित्र रंजन बैध ने विद्यार्थियों को संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, बाल अधिकार, पॉक्सो अधिनियम, महिला एवं बाल संरक्षण कानून तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और डिजिटल सुरक्षा के उपायों से अवगत कराया। साथ ही किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में बिना भय के अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचना देने की सलाह दी।

## खबर संक्षेप

### स्टॉप डायरिया अभियान से छात्रों ने जाना सेहत का मंत्र

**कांकेर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत चांवड़ी के शासकीय उच्चतर हाई स्कूल में आज स्टॉप डायरिया कैंपेन आयोजित किया गया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को डायरिया सहित वर्षाकाल में फैलने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रभावी उपाय बताए गए। आयोजित स्टॉप डायरिया कैंपेन में विशेषज्ञों ने शुद्ध पेयजल का उपयोग, ताजा एवं गर्म भोजन का सेवन, नियमित साफ-सफाई, घर के आसपास जलभराव रोकने तथा मच्छरदानी के उपयोग का महत्व समझाया। विद्यार्थियों को बुखार, मलेरिया, उल्टी-दस्त जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपचार कराने की सलाह दी गई। साथ ही जल संरक्षण और जल गुणवत्ता परीक्षण की। अभियान में विद्यार्थियों को बताया गया कि स्वच्छ पेयजल, पौष्टिक एवं ताजा भोजन, नियमित हाथ धोना, घर के आसपास साफ-सफाई और मच्छरदानी का उपयोग मौसमी बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। छात्रों से यह संदेश अपने परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाने का भी आग्रह किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल के महत्व तथा जल गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया से अवगत कराया।

### जनसमस्या निवारण शिविर 18 को

**कांकेर।** आमजनता की शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 18 अगस्त मंगलवार को नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवीनवागांव में आयोजित किया जाएगा। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत बागडोंगरी, बिरनपुर, देवीनवागांव, मर्रामपानी, मारवाड़ी, सुरही, डुमरपानी, नावडबरी, थानाबोड़ी, बादल, कोचवाही और आंखीहर्रा के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाएगा, साथ ही योजनाओं का लाभ उठाने में कोई कठिनाई आ रही हो तो उसका समाधान भी शिविर में मौके पर किया जाएगा।

### आदिवासी प्रदेश कांग्रेस में विजय व सूरज की नियुक्ति



**कांकेर।** आदिवासी प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन विस्तार के तहत कांकेर जिले के दो वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। चारामा निवासी विजय ठाकुर को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सरजू शोरी को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों को जिले के संगठनात्मक योगदान और सक्रिय नेतृत्व का सम्मान माना जा रहा है। नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और दोनों नेताओं को बधाई देने का सिलसिला जारी है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद विजय ठाकुर ने कहा कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आदिवासी समाज के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। सरजू शोरी ने कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और आदिवासी समाज की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रियता से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

### माडेंर नाले का कलेक्टर ने लिया जायजा

**दंतेवाड़ा।** आज बारसूर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा जिला दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र में बहने वाले माडेंर नाले का मुआयना किया गया। सनद रहे कि विगत वर्ष अति वर्षा के दौरान उक्त नाले का एप्रोच हिस्सा भारी बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे क्षेत्र का संपर्क अन्य हिस्सों से टूट गया था और वर्तमान में जिले में विगत दो दिवस से हो रही अनवरत बारिश को देखते हुए कलेक्टर द्वारा इस नाले का जायजा लेते हुए सुरक्षा एवं आवागमन संबंधी सावधानी बरतने की सलाह उपस्थित अधिकारियों को दिए गए।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर इंद्रावती टाइगर रिजर्व पहुंचे लोग

## रन फॉर इंद्रावती मैराथन, छात्र प्रतियोगिताओं और जनजागरूकता कार्यक्रमों से गूंजा इंद्रावती टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर






अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में वन्यजीव एवं बाघ संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इंद्रावती टाइगर रिजर्व एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। देश के चौथे सबसे बड़े टाइगर रिजर्व में पहली बार इस स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ बाघ संरक्षण को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'रन फॉर इंद्रावती' मैराथन रही, जिसमें 5 एवं 10 किलोमीटर की दो श्रेणियों में लगभग 150 धावकों ने हिस्सा लिया। बीजापुर के साथ दंतेवाड़ा, कोंडागांव, बस्तर सहित अन्य जिलों से पहुंचे प्रतिभागियों ने मूसलाधार बारिश के बावजूद पूरे जोश और उत्साह के साथ दौड़ पूरी कर बाघ एवं वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। बारिश भी प्रतिभागियों के जज्बे को डिगा नहीं सकी और पूरे आयोजन के दौरान प्रकृति संरक्षण के प्रति लोगों का उत्साह देखते ही बना।

मैराथन के मुख्य अतिथि कलेक्टर विश्वदीप ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया।

### मैराथन विजेता

5 किलोमीटर महिला वर्ग में प्रथम सुनीता कुहरामी, द्वितीय साक्षी नेताम, तृतीय प्रियंशु मिच्छा, 10 किलोमीटर महिला वर्ग में प्रथम पार्वती नेताम, द्वितीय कुसुम सरद्धुल, तृतीय अंजली करम, 5 किलोमीटर पुरुष वर्ग में प्रथम चम्पेश कुमार मरकाम, द्वितीय प्रदीप मरकाम, तृतीय मनजीत मरकाम, 10 किलोमीटर पुरुष वर्ग में प्रथम फूलधर नेताम, द्वितीय भावेश सलाम, तृतीय ललित कुमार नाग।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं में भरा जोश

# 2 लाख युवाओं को बीजेपी और युवा मोर्चा के साथ जोड़ना है: टिकरिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के मार्गदर्शन में युवा साथियों व नव-मतदाताओं को भाजयुमो के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का लक्ष्य लेकर मोर्चा द्वारा आठ वर्षों के बाद पुनः ज्वॉइन बीजेवायएम सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

टिकरिहा ने कहा कि भाजयुमो निःशुल्क सदस्यता अभियान के माध्यम से प्रदेश के नव-मतदाताओं एवं युवाओं को जोड़ रहा है, वहीं कांग्रेस सदस्यता अभियान के नाम पर भी प्रत्येक सदस्य से 75 रुपए सदस्यता शुल्क लेकर लूटने का काम कर रही है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा ने गुरुवार को यहां एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि दन्तेवाड़ा में मां दन्तेश्वरी का आशीर्वाद लेकर बस्तर संभाग के दन्तेवाड़ा जिला स्थित बचेली मण्डल से यह अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान बस्तर से इसलिए प्रारंभ किया गया कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल से बस्तर का विकास हो रहा है। वहां पर नक्सलवाद समाप्त हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ निश्चय, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयास से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। दन्तेवाड़ा जिले का बचेली क्षेत्र नक्सल प्रभावित था। बीजापुर के भोपालपटनम व सुकमा के दोरनापाल जो नक्सलवाद के मामले में अति संवेदनशील क्षेत्र रहे हैं, में भी मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। नारायणपुर जिले के ओरछा में भी हमने सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को भाजपा की रीति-नीति एवं विचारधारा से अवगत कराया और सदस्यता कराई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 31 मार्च 2026 के बाद से नक्सली गतिविधियाँ पूरी तरह समाप्त हुई।

### 20 सितंबर तक चलेगा सदस्यता अभियान

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा ने बताया कि पिछले 7 दिनों में 18,846 सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की है एवं प्रमाण पत्र भी जनरेट कर लिया है। दोनों प्रकार की प्रक्रियाएँ चल रही हैं। बस्तर संभाग के सात जिलों में सभा करके युवाओं और मतदाताओं को जोड़ा गया है और ऑनलाइन प्रक्रिया चल रही है। 23 जुलाई से 20 सितंबर तक सदस्यता का यह महा अभियान चलेगा। अभियान की तिथिवार जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आगामी 5 अगस्त को सारंगढ़ बिलाईगढ़ में, 6 अगस्त को महासमुंद में, 7 अगस्त को गरियाबंद जिले में, 8 अगस्त को सरगुजा और 9 तारीख से लेकर 14 अगस्त तक सरगुजा संभाग के सभी 6 जिलों में युवा मोर्चा का कार्यक्रम है। हमारा लक्ष्य 2 लाख युवाओं व नव-मतदाताओं को भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा के साथ जोड़ना है।

# शिक्षिका की कार को टक्कर मारी ट्रक चालक पर अपराध कायम

## हादसे में शिक्षिका के दोनों हाथ, दाहिने पैर, सिर तथा कंधे में गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर तेज रफ्तार और लापरवाही से ट्रक चलाने वाले चालक ने मंगलवार को जैसाकर्रा डिवाइडर के पास मंगलवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने चल रही कार को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और उसका अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

दुर्घटना में घायल 41 वर्षीय दीप्ति वट्टी निवासी सिंगारभाट ने बताया कि मैं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाराडूला में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हूँ। ट्रक क्रमांक सीजी 17 केव्ही 9787 के चालक ने लापरवाही बरतते हुए व्याख्याता की कार क्रमांक सीजी 19 बीआर 7641 को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से जा भिड़ी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और तत्काल घायल शिक्षिका को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में उनके दोनों हाथ, दाहिने पैर, सिर तथा कंधे में गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर चारामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर घटनास्थल का परीक्षण किया तथा प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए।

पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर चारामा थाना पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# लोनिवि रेस्टहाउस की बाउंड्री नपं की लापरवाही से ही ढही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

लगातार हो रही बारिश के बीच नगर पंचायत की कथित लापरवाही से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस की बाउंड्रीवाल ढह गई, जबकि समीप स्थित न्यायालय परिसर की बाउंड्रीवाल में भी गहरी दरारें आने से सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। घटना के बाद संबंधित विभागों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत द्वारा गार्डन विकास कार्य के तहत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस की बाउंड्रीवाल से सटाकर बड़ी मात्रा में मिट्टी डंप कर दी गई थी। निर्माण कार्य के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। लगातार बारिश से मिट्टी में नमी बढ़ने के कारण उसका भार काफी बढ़ गया, जिससे पुरानी बाउंड्रीवाल अत्यधिक दबाव नहीं झेल सकी और भरभराकर गिर गई। घटना का असर पास स्थित न्यायालय परिसर की बाउंड्रीवाल पर भी पड़ा है। दीवार में कई स्थानों पर गहरी दरारें दिखाई देने लगी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते मरम्मत और सुरक्षा के उपाय नहीं किए गए तो बड़ा हादसा हो सकता है। पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता महेंद्र कश्यप ने घटना के लिए नगर पंचायत को जिम्मेदार ठहराते हुए बताया कि बिना तकनीकी सावधानियों के मिट्टी डंप करने से यह नुकसान हुआ है। विभाग ने नगर पंचायत को नोटिस जारी कर क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत का पूरा खर्च वहन करने के निर्देश दिए हैं। वहीं स्थानीय नागरिकों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और विकास कार्यों में तकनीकी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की मांग की है।

# मरम्मत की पोल खुली वार्ड एक के मुख्यमार्ग में दलदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड क्रमांक 1 पीव्ही-46 में मुख्य सड़क पर किए गए मुरुम डालकर सड़क सुधारीकरण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार एल्डरमैन के प्रयास से सड़क पर मुरुम डलवाकर सुधार कार्य कराया गया था, लेकिन पहली ही बारिश में सड़क दलदल में तब्दील हो गई। बारिश के बाद सड़क पर जगह-जगह पानी भर गया है और मुरुम कीचड़ में बदल गई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और फिसलन के कारण दोपहिया, चारपहिया वाहनों सहित पैदल राहगीरों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। कई वाहन कीचड़ में फंस रहे हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क की मरम्मत यदि तकनीकी मानकों के अनुरूप की जाती तो पहली ही बारिश में यह स्थिति नहीं बनती। लोगों ने आरोप लगाया कि बिना उचित जल निकासी व्यवस्था और गुणवत्ता का ध्यान रखे मुरुम डाल दिया गया, जिससे पूरा मार्ग दलदल बन गया। वार्डवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत, जल निकासी की व्यवस्था तथा स्थायी समाधान करने की मांग की है, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके। स्थानीय नागरिकों ने मांग कि है कि सड़क से तत्काल कीचड़ और जलभराव हटाया जाए, गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ सड़क निर्माण कराया जाए, सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए।


# स्कूटी की ठोकर से किशोर घायल न्यायालय कर्मी पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




थाना चारामा क्षेत्र के ग्राम लखनपुरी में तेज रफ्तार और लापरवाही से स्कूटी चलाने का मामला सामने आया है। सड़क दुर्घटना में 17 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे ग्राम लखनपुरी निवासी सुनील कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि 6 जुलाई की रात लगभग 8 बजे उनका पुत्र लिशांत पेट्रोल पंप के पास गाय को लाने जा रहा था। इसी दौरान स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एक्स 7036 के तारसगांव निवासी चालक संतोष शोरी अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। हादसे में लिशांत के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। घायल का पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुरी और बाद में जिला चिकित्सालय कांकेर में इलाज कराया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि दुर्घटना के बाद आरोपी संतोष शोरी ने इलाज का पूरा खर्च वहन करने का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में अपने वादे से मुकर गया। शिकायत के अनुसार आरोपी ने कथित तौर पर यह भी कहा कि वह धमतरी न्यायालय में चपरासी के पद पर कार्यरत है और उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पीड़ित पिता ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए थाना चारामा में आवेदन प्रस्तुत किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है तथा दुर्घटना के कारणों, लापरवाही और अन्य तथ्यों की जांच शुरू कर दी है। विवेचना के बाद साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने पिता की शिकायत पर आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 एक्स 7036 के चालक संतोष शोरी के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### संयुक्त कलेक्टर ने माटोली स्कूल में पढ़ाया व दिए सफलता के मंत्र



**पखांजूर।** विकासखंड कोयलीबेड़ा के शाउमावि माटोली में बुधवार को विद्यार्थियों को एक प्रेरणादायक शैक्षणिक सत्र का लाभ मिला। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पखांजूर एवं संयुक्त कलेक्टर राहुल रजक ने विद्यालय पहुंचकर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को गणित और अंग्रेजी विषय का अध्यापन कराया। उन्होंने सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विषयों की मूलभूत अवधारणाओं को समझाया और विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का विस्तारपूर्वक समाधान किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राहुल रजक ने कहा कि बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए मजबूत आधारभूत ज्ञान, नियमित अध्ययन, समय का प्रभावी प्रबंधन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को प्रतिदिन पढ़ाई करने, प्रत्येक विषय की बुनियादी अवधारणाओं को अच्छी तरह समझने तथा सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि अनुशासन, कड़ी मेहनत, सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प से प्राप्त होती है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने गणित, अंग्रेजी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सहज और प्रभावी ढंग से उत्तर दिया। उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थियों में परीक्षा की तैयारी को लेकर नया उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। विद्यालय परिवार ने इस पहल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और बेहतर परीक्षा परिणाम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए संयुक्त कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रदीप कुमार विश्वास, शिक्षक रिखीराम भूआर्य सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### वर्षा से फूटा किसान का तालाब, मछली पालन व्यवसाय को क्षति



**पखांजूर।** परलकोट क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा किसानों के लिए आफत बनती जा रही है। तेज बारिश के कारण कापसी निवाशी किसान रंगलाल मांडवी के मछली पालन के लिए निर्मित तालाब का बांध टूट गया, जिससे तालाब में पाली गई बड़ी मात्रा में मछलियां बह गईं। इस घटना से किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार किसान रंगलाल मांडवी ने इस वर्ष बेहतर आय की उम्मीद से तालाब में मछली पालन किया था। मछलियां बिक्री के लिए तैयार थीं और उनसे अच्छा लाभ मिलने की संभावना थी। किंतु इस वर्ष बारिश देर से शुरू होने के कारण निर्धारित समय पर मछलियों की बिक्री नहीं हो सकी। इसी बीच लगातार हुई तेज बारिश ने तालाब का बांध तोड़ दिया और सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। किसान ने बताया कि मछली पालन में बीज, चारा और तालाब के रखरखाव पर काफी धनराशि खर्च की गई थी। बांध टूटने से अधिकांश मछलियां बह गईं, जिससे लाखों रुपये तक की आर्थिक क्षति होने की आशंका है। इस नुकसान से किसान का परिवार भी चिंता में है। क्षेत्र के किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसान के नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि वह पुनः मछली पालन का कार्य प्रारंभ कर सके।

# श्री सांई मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



साई मंदिर में गुरुपूर्णिमा पर्व पूर्ण भक्ति भाव व हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। श्री साई बाबा को सार्वभौमिक गुरु का दर्जा प्राप्त है, विश्व स्तर पर आज के दिन साईबाबा को सद्गुरु मानकर सभी साई मंदिरों में गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन प्रातः साई बाबा का अभिषेक कर नव वस्त्र आभूषण इत्यादि अर्पण किया जाता है। उसके पश्चात सद्गुरु नाम पूजन हवन यज्ञ आदि कर भोगार्पित प्रसाद वितरण किया जाता है। अनेकों श्रद्धालु भक्तों ने इस अवसर पर पूजन आदि कर प्रसाद ग्रहण किया।

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों को गुरुपूर्णिमा पर्व की बधाई देते हुए मंदिर में होने वाले कार्यक्रमों पर अपने विचार रखे। ऊपरी तल पर स्थित राधा कृष्ण मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए टाइल्स लगाने की बात कही। विशिष्ट अतिथि नरोत्तम सिंह चौहान किसान मोर्चा प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री, वरूण खापर्डे जनपद सदस्य तथा नरेन्द्र शर्मा ने भी अपने विचार रखे। मंदिर समिति के अध्यक्ष निखिल शिवहरे ने गुरुपूर्णिमा पर्व का महत्व व विश्व स्तर पर सभी सांई मंदिरों में गुरुपूर्णिमा पर्व मनाने उद्देश्य का विस्तृत वर्णन किया और बताया कि पिछले 25 वर्षों से भानुप्रतापपुर सांई मंदिर में गुरुपूर्णिमा का पर्व पारंपरिक रूप से मनाया जा रहा है। श्री साई मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर के पुजारी आचार्य अविनाश महाराज ने सभी जनों को संबोधित करते हुए महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित ग्रंथों के बारे में बताते हुए उनके जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले इस पर्व एवं गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला।

अंत में मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य सोमदेव नायक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की। गुरुपूर्णिमा पर्व के इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों में गणेश राम मंडावी, महेन्द्र कुमार टांडिया रुक्मणी ध्रुव, मोहन लाल ठाकुर, मोहन सिंह ठाकुर, रतन राम यादव का सम्मान किया गया।

### कांग्रेस ने ठोस कार्रवाई नहीं होने पर लोकतांत्रिक आंदोलन करने की चेतावनी दी

# जिले के जनहित के कई गंभीर मुद्दों पर कांग्रेस ने कलेक्टर से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए रावघाट क्षेत्र में कथित अवैध वन कटाई की उच्चस्तरीय जांच, मर्दापोटी आश्रम में मलेरिया से बच्चों की मौत की निष्पक्ष जांच, जिले में बढ़ते मलेरिया प्रकोप पर प्रभावी नियंत्रण, रावघाट परियोजना प्रभावित गांवों के समग्र विकास तथा स्थानीय युवाओं को स्थायी रोजगार देने की मांग किया।

अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि रावघाट परियोजना क्षेत्र के 25 किमी. के दायरे में रहने वाले स्थानीय युवाओं को स्थायी रोजगार में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इसके साथ ही परियोजना से प्रभावित गांवों में गुणवत्तापूर्ण विद्यालय, अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र, सड़क, पेयजल, बिजली सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने सीएसआर एवं डीएमएफ मद की राशि का उपयोग पारदर्शी, न्यायसंगत और प्रभावित क्षेत्रों की प्राथमिक आवश्यकताओं के अनुरूप करने की मांग भी उठाई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर लगातार जनहित के मुद्दे उठा रही है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, आदिवासी अधिकारों की रक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रभावित लोगों को जब तक न्याय नहीं मिलेगा, कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इन मुद्दों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी जनहित में व्यापक लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेगी। ज्ञापन में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि रावघाट लौह अयस्क परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर वन कटाई की गई है। कांग्रेस ने इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस ने रावघाट लौह अयस्क परियोजना से प्रभावित आठ ग्राम पंचायतों और 37 गांवों के विकास का मुद्दा भी उठाया। मलेरिया प्रकोप से मृत बच्चों के परिजनों को शासन के नियमानुसार आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग भी की गई।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस विजय ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, नवली मीना मंडावी, रूप सिंह पोटाई, सुभद्रा सलाम, राजेश भास्कर, ठाकुर राम कश्यप, उदय प्रकाश शर्मा, अखिलेश चंदेल, दुर्गेश ठाकुर, पुरुषोत्तम सिंहा, विजय यादव, शेष गजबिये सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# न्यूरोथेरेपी और अर्धनारीश्वर चिकित्सा शिविर में 370 मरीज हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



आरोग्य पीठ का उद्देश्य केवल बीमारियों का उपचार करना नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है। अर्धनारीश्वर चिकित्सा एवं न्यूरोथेरेपी के माध्यम से संस्था देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रही है, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। उक्त बातें आरोग्य पीठ के संस्थापक पूज्य गुरुदेव आचार्य डॉ. राम गोपाल दीक्षित ने कही।

आरोग्य पीठ के संस्थापक पूज्य गुरुदेव आचार्य डॉ. राम गोपाल दीक्षित ने शिविर के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि आरोग्य पीठ प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक आधार पर बिना दुष्प्रभाव वाली चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचाना और लोगों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करना है। रायपुर केंद्र के शुभारंभ अवसर पर आयोजित निःशुल्क उपचार शिविर में पहले ही दिन 370 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में पुराने एवं जटिल रोगों से पीड़ित लोगों ने न्यूरोथेरेपी के माध्यम से उपचार कराया। उपचार के अनुभवों से मरीजों और उनके परिजनों में उत्साह एवं विश्वास का वातावरण देखने को मिला। रायपुर में आरोग्य पीठ केंद्र की शुरुआत से अब छत्तीसगढ़ के नागरिकों को अर्धनारीश्वर चिकित्सा एवं न्यूरोथेरेपी जैसी स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। यह केंद्र प्रदेश में प्राकृतिक चिकित्सा, स्वास्थ्य जागरूकता और जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आरोग्य पीठ का यह प्रयास स्वस्थ समाज निर्माण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

#### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

शुभारंभ समारोह में योग आयोग छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, डॉ. ईश्वर सिन्हा, मुकुंद साहू, प्रमोद कुमार साहू, अरुण कुमार साहू, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वित कुमार साहू, रायपुर केंद्र संचालक रुखमणी, अक्षत कुमार साहू सहित के अलावा अर्धनारीश्वर चिकित्सा एवं न्यूरोथेरेपी की टीम उपस्थित रही।

# झमाझम वर्षा से नदी-नाले उफान पर, मछली पकड़ने उमड़े ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



परलकोट अंचल में बुधवार को दिनभर हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे क्षेत्र को तर-बतर कर दिया। लगातार बारिश के चलते छोटी-बड़ी नदियां और नाले उफान पर आ गए, जिससे कई स्थानों पर पानी का तेज बहाव देखने को मिला। बारिश के कारण मौसम सुहावना हो गया और किसानों के चेहरों पर भी खुशी लौट आई।

लगातार वर्षा से धान की रोपाई के कार्य में तेजी आ गई है। पिछले कुछ दिनों से तेज बारिश का इंतजार कर रहे किसान अब पूरे उत्साह के साथ खेतों में उतर गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से शाम तक खेतों में रोपाई का कार्य जारी रहा, जिससे कृषि गतिविधियां तेज हो गई हैं। वहीं, उफनते नालों और जलाशयों में मछलियों की आवाजाही बढ़ने से बड़ी संख्या में ग्रामीण पारंपरिक तरीके से मछली पकड़ते नजर आए। कई स्थानों पर बच्चों और युवाओं ने भी बारिश का आनंद लेते हुए मछली पकड़ने का लुत्फ उठाया। यह दृश्य ग्रामीण जीवन की पारंपरिक संस्कृति और प्रकृति से जुड़े जीवन का जीवंत उदाहरण बन गया। लगातार हो रही बारिश से परलकोट क्षेत्र में कृषि कार्यों को नई गति मिली है और किसान इस वर्ष बेहतर धान उत्पादन की उम्मीद जता रहे हैं।

# विद्यालय व स्वास्थ्य केंद्र में भरा पानी, पंचायत ने नाली निर्माण किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



सरोना स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगातार बारिश के कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। परिसर में पानी भर जाने से विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों और उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए ग्राम पंचायत सरोना ने तत्काल पहल करते हुए जेसीबी मशीन की मदद से जल निकासी के लिए नाली निर्माण का कार्य शुरू कराया है।

ग्रामीणों के अनुसार कुछ माह पूर्व विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्र के सामने मंडी बोर्ड के ठेकेदार द्वारा सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़क निर्माण के बाद आवागमन की सुविधा तो बढ़ी, लेकिन बारिश के पानी की निकासी के लिए नाली या पाइप की व्यवस्था नहीं की गई। इसके कारण बारिश का पानी सड़क पर जमा होकर सीधे विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भरने लगा।

जलभराव के कारण छात्रों को कक्षाओं तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है, वहीं स्वास्थ्य केंद्र आने वाले मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। परिसर में गंदा पानी और कीचड़ जमा होने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। ग्राम पंचायत की ओर से जेसीबी लगाकर अस्थायी नाली बनाने का काम शुरू किया गया है, जिससे पानी की निकासी होने लगी है। ग्रामीणों ने पंचायत के इस प्रयास की सराहना की है, लेकिन साथ ही स्थायी समाधान के लिए पक्की नाली निर्माण की मांग की है। लोगों का कहना है कि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो, इसके लिए संबंधित विभाग को सीसी सड़क निर्माण की तकनीकी खामियों को दूर कर स्थायी जल निकासी व्यवस्था करनी चाहिए।

# कांग्रेस अपनी विफलता को छुपाने चक्काजाम की कर रही राजनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर जलभराव की समस्या को लेकर स्थानीय विधायक एवं कांग्रेस द्वारा चक्काजाम की चेतावनी देना केवल अपनी वर्षों की प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधिक विफलताओं को छिपाने का प्रयास है। उक्त बातें नगर पंचायत चारामा के पूर्व अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने कही। नगर पंचायत चारामा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि जिस नगर पंचायत में कांग्रेस का अध्यक्ष है, वार्ड क्रमांक 12 एवं 14 में जलभराव की समस्या सबसे अधिक है, वहां भी कांग्रेस के ही पार्षद निर्वाचित हैं। इतना ही नहीं, स्थानीय विधायक भी कांग्रेस के हैं। जब राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाली निर्माण का कार्य किया गया, उस समय भी नगर पंचायत में कांग्रेस का ही नेतृत्व था। यदि उस समय समुचित योजना, तकनीकी परीक्षण एवं प्रभावी निगरानी की गई होती, तो आज नागरिकों को इस समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। जनता अच्छी तरह जानती है कि वर्षों तक सत्ता और जिम्मेदारी संभालने के बाद अब कांग्रेस अपनी जवाबदेही से बचने के लिए आंदोलन का सहारा लेकर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। चक्काजाम की चेतावनी देना समाधान नहीं है, बल्कि यह अपनी नाकामी पर पर्दा डालने का प्रयास है। भाजपा का मानना है कि जनसमस्याओं का समाधान आंदोलन की राजनीति से नहीं, बल्कि सभी संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के समन्वय से होना चाहिए। नगरवासियों को राहत दिलाने के लिए स्थायी एवं तकनीकी रूप से सक्षम समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे, धान रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोदल



दुर्गूकोदल क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन हुई झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। करीब दो सप्ताह से बारिश का इंतजार कर रहे अन्नदाताओं को आखिरकार राहत मिली है। देर रात शुरू हुई वर्षा बुधवार को भी जारी रही, जिससे खेतों में पर्याप्त पानी भर गया और खरीफ सीजन की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि धान रोपाई ने रफ्तार पकड़ ली है। बारिश के बाद क्षेत्र के नदी-नाले भी लबालब हो गए हैं तथा चारों ओर हरियाली छा गई है।

बारिश के बाद गांव-गांव में खेतों की जुताई, मेड़ों की मरम्मत और रोपाई की तैयारियां तेज हो गई हैं। किसान बैलों और ट्रैक्टरों की मदद से खेत तैयार करने में जुटे हैं, जबकि नर्सरी में तैयार धान के पौधों की रोपाई बड़े पैमाने पर शुरू हो गई है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई इस बारिश से खेती के काम में नई गति आई है।

क्षेत्र के किसान परदेसी राम मड़ावी, प्रभुराम, रेखलाल विश्वकर्मा, धर्म मंडावी, प्रदीप कुमार, राजकुमार विश्वकर्मा, रोशनी, महावीर और भुनेश्वरी ने बताया कि लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण खेती प्रभावित हो रही थी। अब पर्याप्त पानी मिलने से धान रोपाई सुचारु रूप से शुरू हो गई है। किसानों को उम्मीद है कि यदि आगामी दिनों में भी मानसून का साथ मिलता रहा तो इस वर्ष धान की अच्छी पैदावार होगी। कृषि विभाग ने भी वर्तमान वर्षा को खरीफ फसलों के लिए लाभदायक बताया है। विभाग के अनुसार मिट्टी में पर्याप्त नमी आने से पौधों की जड़ें मजबूत होंगी और फसल की बढ़वार बेहतर होगी। किसानों को मौसम का लाभ उठाते हुए समय पर रोपाई पूरी करने की सलाह दी गई है। बारिश से पूरे दुर्गूकोदल अंचल का प्राकृतिक सौंदर्य भी निखर उठा है और किसानों में बेहतर फसल को लेकर नया उत्साह दिखाई दे रहा है।

# पैराडाइज स्कूल की छात्र परिषद ने पद और गोपनीयता की शपथ ली



**कांकेर।** पैराडाइज स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और प्रेरणादायक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कांकेर संजय शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, शिक्षा, संस्कार और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

उन्होंने छात्र परिषद के सदस्यों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने और विद्यालय की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्य रश्मि रजक ने कहा कि छात्र परिषद में पद ग्रहण करना केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नेतृत्व, सेवा और अनुशासन का संकल्प है। उन्होंने नव निर्वाचित छात्र नेताओं से विद्यालय के नियमों का पालन करने, सहपाठियों का सहयोग करने और अपने आचरण से प्रेरणा देने की अपील की। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित समारोह में हेड बॉय कुशाल कागें, हेड गर्ल जायना बानों, सब हेड बॉय दक्ष रजक, सब हेड गर्ल रेणुका नेताम सहित विभिन्न हाउस के कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स, कल्चर और डिसिप्लिन इंचार्ज ने पद एवं कर्तव्य निर्वहन की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

नेशनल कम्प्यूटर, कांकेर
25 वर्षों से संचालित विश्वसनीय संस्था।
सभी शासकीय नौकरी हेतु मान्य सर्टिफिकेट।
विगत 25 वर्षों में उत्तीर्ण 6500 विद्यार्थियों में से 1200 विद्यार्थी शासकीय नौकरी में कार्यरत।
विश्वविद्यालयीन कोर्स
INFORMATION TECHNOLOGY: DCA/PGDCA/BCA/M.Sc. [IT]
COMMERCE: M.Com. B.Com.
ADMISSION OPEN
SCIENCE: B.Sc. M.Sc.
MANAGEMENT: MBA (Marketing, Finance, HR) BBA/ PGDRD
ARTS: BA/MA/B.LIB/M.LIB/PGDRD/MSW
पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
63, उदय नगर, सांई मंदिर रोड, कांकेर
मो.- 7999062022, 9425261817